University of Lucknow | Centennial Celebrations
लखनऊ विश्वविद्यालय | शताब्दी उत्सव

लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ 226007(उ.प्र.)भारत
University of Lucknow
Lucknow-226007(U.P)INDIA

संख्या ............

दिनांक............

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष / निदेशक / समन्वयक / इंचार्ज
2. समस्त प्राचार्य / प्राचार्या सहयुक्त महाविद्यालय (लखनऊ, हरदोई, लखीमपुर, सीतापुर, रायबरेली)
3. अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, ल0वि0।

लखनऊ विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

**विषयः-प्रदेश सरकार के "सेवा, सुरक्षा व सुशासन" की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय तथा समस्त जनपदों में प्रस्तावित कार्यक्रमों के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं से जनसामान्य को अवगत कराये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय / महोदया,**

कृपया उपर्युक्त विषयक संलग्न विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-7, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-89 / सत्तर-7-2025, दिनांक 22 मार्च, 2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके साथ संलग्न शासनादेश दिनांक 19.03.2025 में दिये गये निर्देश के कम में जनपद के जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर उत्तर प्रदेश सरकार ने विगत आठ वर्ष में सेवा, सुरक्षा और सुशासन से से सम्बन्धित महत्वपूर्ण अर्जित उपलब्धियों एवं योजनाओं से जनसामान्य को अवगत कराये जाने के प्रयोजनार्थ दिनांक 25, 26 एवं 27 मार्च 2025 को सभी जनपदों में प्रस्तावित कार्यकमों के अन्तर्गत सुव्यवस्थित कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन किये जाने के निर्देश दिये गये है।

अतः मा0 कुलपति महोदय के आदेश के अनुपालन में आपसे अनुरोध है कि संलग्न शासनादेश दिनांक 19.03.2025 में दिये गये निर्देश के कम में विगत आठ वर्ष में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा सेवा, सुरक्षा और सुशासन से सम्बन्धित महत्वपूर्ण अर्जित उपलब्धियों एवं योजनाओं से जनसामान्य को अवगत कराये जाने के प्रयोजनार्थ दिनांक 25, 26 एवं 27 मार्च 2025 की तिथियों में सभी जनपदों में प्रस्तावित कार्यकमों के अन्तर्गत सुव्यवस्थित कार्यकम का सफलतापूर्वक आयोजन करने का कष्ट करें तथा उक्त से कार्यालय को भी अवगत करायें।

भवदीय,

**संलग्नक : यथोपरि।**

(विद्यानन्द त्रिपाठी)
कुलसचिव

संख्या- GA-5891-95 दिनांक- 24/03/25

**प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-**

1. निजी सचिव, कुलपति मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. वैयक्तिक सहायक प्रतिकुलपति, प्रतिकुलपति जी के सूचनार्थ।
3. निदेशक, आई0पी0पी0आर0, ल0वि0।
4. इंचार्ज वेबसाइट को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि महाविद्यालयों के लिंक पर अपलोड करने तथा समस्त को ई-मेल के माध्यम से प्रेषित करने का कष्ट करे।
5. विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग-7, उत्तर प्रदेश शासन के पत्र संख्या-89 / सत्तर-7-2025, दिनांक 22 मार्च, 2025 के कम में सूचनार्थ
6. कार्यालय प्रति।

24.3.2025
कुलसचिव

समयबद्ध / अतिमहत्वपूर्ण
संख्या– 89 / सत्तर–7–2025

प्रेषक,

शिपू गिरी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1–कुलपति, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
2–निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
3–कुलसचिव, समस्त राज्य विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
4–समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।
5–अपर सचिव, उ0प्र0 राज्य उच्च शिक्षा परिषद, लखनऊ।

उच्च शिक्षा अनुभाग–7 लखनऊः दिनांकः 22 मार्च, 2025

विषयः– प्रदेश सरकार के "सेवा, सुरक्षा व सुशासन" की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय तथा समस्त जनपदों में प्रस्तावित कार्यक्रमों के अन्तर्गत उच्च शिक्षा विभाग की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं से जनसामान्य को अवगत कराये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–192/उन्नीस–1–2025, दिनांक 19.03.2025 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उत्तर प्रदेश सरकार ने विगत आठ वर्ष में सेवा सुरक्षा और सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिनसे जनसामान्य को अवगत कराया जाना वांछनीय है। इस संबंध में दिनांक 25, 26 एवं 27 मार्च, 2025 को सभी जनपदों में समारोह आयोजित कर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी देने का निर्णय लिया गया है।

2– विगत आठ वर्षो में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की गयी हैं तथा नवीन योजनाओं का कियान्वयन सुनिश्चित किया गया है। यथा, राष्ट्रीय शिक्षा नीति (2020) का सफलतापूर्वक कियान्वयन; समर्थ पोर्टल का शुभारम्भ, मिशन शक्ति के अन्तर्गत नारी सुरक्षा, नारी सम्मान एवं नारी स्वावलम्बन हेतु कार्यकमों का सफल आयोजन; स्वामी विवेकानन्द युवा सशक्तिकरण योजना के अन्तार्गत युवाओं को तकनीकि रूप से दक्ष बनाने के लिए स्मार्ट फोन एवं टैबलेट का वितरण; पी0एम0–उषा के अन्तर्गत शिक्षा की गुणवत्ता, शोध, अवस्थापना सुविधाओं के विस्तार आदि के निमित्त भारत सरकार से सर्वाधिक

OS(GA)
Registrar
24/3/25

अनुदान प्राप्त सी0सी0टी0वी से आच्छादित विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय परिसर, "भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी जी" के जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर प्रदेश के समस्त जनपदों में सुशासन विषय पर केन्द्रित प्रतियोगिताओं का आयोजन;आदि।

3– इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासनादेश संख्या–192/ उन्नीस –1–2025, दिनांक 19.03.2025 के कम में जनपद के जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर विगत आठ वर्षों में उच्च शिक्षा विभाग द्वारा "सेवा, सुरक्षा और सुशासन" से संबंधित महत्त्वपूर्ण उपलब्धियो एवं योजनाओं से जनसामान्य को अवगत कराये जाने हेतु निर्धारित तिथियों में आयोजित समारोह के अन्तर्गत सुव्यवस्थित कार्यक्रम का सफलतापूर्वक आयोजन कराया जाना सुनिश्चित करें।

संलग्नक: यथोक्त।

भवदीय,

Signed by Sipu Giri
Date: 22-03-2025 14:24:39
(सिपू गिरि)
विशेष सचिव।

संख्या– 89 (1)/सत्तर–7–2025–तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1– प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

2– समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0।

3– समस्त विशेष सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन।

4– समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।

5– निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0।

6– डॉ0 मंजू सिंह, विशेष कार्याधिकारी एवं राज्य सम्पर्क अधिकारी, उच्च शिक्षा (राष्ट्रीय सेवा योजना कोष्ठक) विभाग, उत्तर प्रदेश शासन।

आज्ञा से,

डॉ0 (धर्मेंद्र प्रताप शाही)
संयुक्त सचिव।

Signed by
Dharmendra Pratap Shahi
Date: 22-03-2025 14:32:40

संख्या -......89....... / सत्तर - 7 - 2025

संख्या-192(i)/उन्नीस-1-2025

प्रेषक,

संजय प्रसाद,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन/
मण्डलायुक्त/ जिलाधिकारी/पुलिस कमिश्नर/पुलिस अधीक्षक,
उत्तर प्रदेश।

सूचना अनुभाग-1 लखनऊ दिनांकः 19 मार्च, 2025

विषय- प्रदेश सरकार के " सेवा, सुरक्षा व सुशासन" की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय तथा समस्त जनपदों में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल आयोजन के संबंध में बैठक।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर अवगत कराना है कि उ0प्र0 सरकार के विगत आठ वर्षों में "सेवा, सुरक्षा व सुशासन" की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की गयी है, जिनसे जन सामान्य को अवगत कराया जाना वांछनीय है। इस सम्बन्ध में सूचना अनुभाग-1 के शासनादेश संख्या-192/उन्नीस-1-2025, दिनांक 19.03.2025 द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिये गये हैं।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत कार्यक्रम के सफल आयोजन की तैयारी के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन की अध्यक्षता में दिनांक 20.03.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे लोक भवन स्थित सभा कक्ष में बैठक आहूत की गयी है। अनुरोध है कि मुख्यालय स्तर के अधिकारी भौतिक रूप से एवं मुख्यालय से बाहर के अधिकारीगण वीडियों कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपदीय एन0आई0सी0 सेन्टर पर उपस्थित रहकर ससमय प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

भवदीय,
(संजय प्रसाद)
प्रमुख सचिव

संख्या- 192(1)/उन्नीस-1-2025, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

(1) स्टॉफ ऑफिसर, मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
(2) निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।
(3) निदेशक, एन0आई0सी0, उ0प्र0 वीडियों कान्फ्रेंसिंग की समस्त तैयारियों के साथ बैठक में प्रतिभाग करने का कष्ट करें।

आज्ञा से,
(जय प्रकाश भारती)
विशेष सचिव

संख्या 192/उ.नी.वि.-1-2025
दिनांक - 19.03.2025

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह
मुख्य सचिव,
उत्तर प्रदेश।

सेवा में,

समस्त जिलाधिकारी,
उत्तर प्रदेश।

**विषयः– प्रदेश सरकार के 'सेवा, सुरक्षा व सुशासन' की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर प्रदेश मुख्यालय तथा समस्त जनपदों में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सम्बन्ध में दिशा–निर्देश।**

महोदय,

उपरोक्त विषय पर यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश सरकार ने विगत आठ वर्ष में 'सेवा, सुरक्षा और सुशासन की दिशा में अभूतपूर्व उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिनसे जनसामान्य को अवगत कराया जाना वांछनीय है। इस संबंध में आगामी 25, 26 एवं 27 मार्च, 2025 को सभी जनपदों में समारोह आयोजित कर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी देने का निर्णय लिया गया है।

समारोह की व्यवस्था हेतु प्रत्येक जिले में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में एक परामर्शदाता समिति गठित की जाये, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ–साथ सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों, सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाये।

उल्लेखनीय है कि विगत आठ वर्षों में प्रदेश ने विभिन्न क्षेत्रों में कई कीर्तिमान स्थापित किये है तथा लोकहित में अनेक नवीन जनकल्याण की योजनाएं/परियोजनाएं/कार्य प्रगति पर हैं। विकास के विभिन्न लोककल्याणकारी कार्यक्रमों में राष्ट्रीय स्तर पर उत्तर प्रदेश सरकार के विभिन्न विभागों द्वारा देश में प्रथम/उत्कृष्ट स्थान प्राप्त किया गया है। समीचीन है कि इन कीर्तिमानों के संबंध में तथा सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही योजनाओं के बारे में जनसामान्य को अवगत कराया जाए।

उपर्युक्त के क्रम में सरकार के कार्यकाल के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर निम्नलिखित कार्यक्रमों के आयोजन का निर्णय लिया गया है–

**दिनांक 25 मार्च, 2025**

- जनपद मुख्यालय पर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रिदिवसीय मेले का उद्घाटन।
- जनपद मुख्यालय पर माननीय प्रभारी मंत्री द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में पत्रकार वार्ता।

- आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तैयार की गई विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन, महाकुम्भ प्रयागराज 2025 के सफल आयोजन पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन एवं विकास पुस्तिका का विमोचन।

- केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के आठ वर्ष की उपलब्धियों तथा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं/परियोजनाओं/कार्यों पर आधारित प्रदर्शनी का आयोजन। गृह विभाग सहित सभी विभागों द्वारा जनपद स्तर पर प्रदर्शनी लगायी जायेगी।

- केंद्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के आठ वर्ष की अवधि में जनपद में लोकार्पित एवं शिलान्यास की गयी समस्त परियोजनाओं के शिलापट्ट की विशेष प्रदर्शनी लगायी जायेगी।

- त्रिदिवसीय मेले में प्रत्येक दिन थीम आधारित विचार गोष्ठी/संवाद सम्मेलनों का आयोजन किया जायेगा। अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओ0डी0ओ0पी0, सुरक्षित उद्यमी–समृद्ध व्यापार तथा अन्त्योदय से सर्वोदय (समाज कल्याण, पेंशन, राशन आदि) थीम पर होने वाले इन विचार सत्रों में संबंधित क्षेत्रों के ख्यातिलब्ध जनों को वक्ता के रूप में आमंत्रित किया जायेगा। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले नागरिकों को सम्मानित भी किया जायेगा। प्रत्येक दिन दो सत्र आयोजित किये जा सकते हैं। सत्रों के अन्तराल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जायेगा।

- विभिन्न लाभार्थीपरक योजनाओं यथा, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, वृद्धावस्था पेंशन, निराश्रित महिला पेंशन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, पीएम अजय, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, ऋण/टूलकिट योजना, दिव्यांगजनों को ट्राई साईकिल, उपकरण आदि का वितरण, प्रधानमंत्री स्टार्टअप योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, मुख्यमंत्री अप्रैन्टिसशिप योजना आदि से अनाच्छादित पात्र लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाना।

- जनपदीय बैंकर्स कमेटी के साथ समन्वय स्थापित कर ऋण मेलों का आयोजन, रोजगार एवं सेवायोजन निदेशालय के सहयोग से रोजगार मेलों का आयोजन।

- विगत आठ वर्ष में जनपद में प्राप्त निजी निवेश की ऐसी परियोजनाएं जिन्हें धरातल पर उतारा जा चुका है अथवा जो प्रक्रियाधीन है, उन्हें प्रदर्शनी में दिखाया जाए।

- ऑपरेशन कायाकल्प, प्रोजेक्ट अलंकार व नकल विहीन परीक्षाओं के आयोजन, जे0ई0/ए0ई0एस0 उन्मूलन आदि सफल कार्यक्रमों को भी प्रदर्शनी में प्रमुखता से दिखाया जाये।

- जनपदीय मेलों में फूड–कोर्ट भी लगाये जायेंगे, जिनमें स्थानीय पारम्परिक व्यंजनों के विशेष स्टॉल प्रमुखता से लगाये जायेंगे।

- त्रिदिवसीय मेले में प्रतिदिन सायंकाल संस्कृति विभाग के सहयोग से सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाये, जिसमें स्थानीय कलाकारों को वरीयता दिया जाना आपेक्षित है।

जनपद के प्रभारी मंत्री के उपलब्ध न होने की दशा में प्रदेश सरकार के विभिन्न बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, उपलब्ध मा० सांसद अथवा मा० विधायकगण की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित कराने का प्रयास किया जाए।

उक्त के अतिरिक्त,

- सभी विधानसभा क्षेत्रों में जनसभाओं का आयोजन तथा विधान सभा क्षेत्र में कराए गए व प्रस्तावित कार्यों का शिलान्यास/लोकार्पण मा० सांसद ( लोकसभा या राज्यसभा ), मा० विधायक ( विधान सभा या विधान परिषद ), प्रदेश सरकार के विभिन्न बोर्ड के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष द्वारा जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया जायेगा।

- मिशन शक्ति के अंतर्गत प्रत्येक विधानसभा स्तर पर महिला सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण, सेल्फ डिफेन्स व एन्टीरोमियो स्क्वाड आदि से सम्बन्धित सम्मेलनों का आयोजन।

- इन सम्मेलनों में राष्ट्रीय आजीविका मिशन के लाभार्थियों महिला स्वयं सहायता समूहों, आंगनबाडी कार्यकत्रियों, बीसी सखी, विभिन्न योजनाओं में ऋण वितरण, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के पात्र लाभार्थियाँ को लाभान्वित कराया जायेगा। आशा बहुओं, महिला शिक्षकों व महिला अधिकारियों व कर्मचारियों को जोड़ा जाएगा तथा महिलाओं के स्वास्थ्य के प्रारम्भिक परीक्षण हेतु स्टॉल विशेष रूप से लगाए जाएंगे। मुख्यमंत्री पोषण मिशन के अन्तर्गत लाभार्थियों का रजिस्ट्रेशन तथा कार्यक्रम की जानकारी उपलब्ध करायी जायेगी।

- मिशन श्रमिक कल्याण के अंतर्गत श्रमिकों के कल्याणार्थ व उन्हें रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने हेतु चलाई जा रही योजनाओं के सम्बन्ध में प्रदेश के सभी विकास खण्डों में रोजगार मेलों का आयोजन उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयोजित विभिन्न योजनाओं की जानकारी, निवासी/प्रवासी श्रमिकों की सुरक्षा योजना की जानकारी/रजिस्ट्रेशन, आयुष्मान योजना के अन्तर्गत कार्ड वितरण इत्यादि विभिन्न कार्यक्रम कराये जायेंगे। विकास खण्ड के सभी गौ आश्रय स्थलों पर कार्यक्रम का आयोजन।

- नगरीय क्षेत्र में मिशन व्यापारी कल्याण के रूप में प्रत्येक नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत में व्यापारियों व लघु उद्यमियों के लिए चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं यथा प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, स्टार्टअप योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना, विश्वकर्मा श्रम

Hanal

सम्मान योजना आदि के लाभार्थियों के सम्मेलनों का आयोजन/टूलकिट ऋण वितरण तथा प्रगतिशील व्यापारियों व लघु उद्यमियों का सम्मान।

- इन सम्मेलनों में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना के लाभार्थियो, रेहड़ी पटरी व ठेला व्यापारी आदि को सम्मिलित किया जाएगा तथा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी।

सभी जिलाधिकारियों द्वारा जनपद मुख्यालय, प्रत्येक विधानसभा तथा विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले प्रत्येक कार्यक्रम के लिए एक अधिकारी (मुख्य विकास अधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी स्तर) को नोडल अधिकारी नामित किया जायेगा जो विभिन्न विभागों तथा कार्यक्रमों में भाग लेने वाले जनप्रतिनिधियों से समन्वय कर कार्यक्रम को सफलतापूर्वक कराना सुनिश्चित करेंगे।

प्रत्येक जनपद के लिए नामित वरिष्ठ नोडल अधिकारियों द्वारा दिनांक 22 मार्च को जनपदों का भ्रमण कर उपरोक्त कार्यक्रमों के सफल आयोजन की समुचित तैयारियों की समीक्षा की जायेगी।

जनपद स्तरीय प्रदर्शनी में सभी विभागों की सहभागिता अनिवार्य है।

उपर्युक्त सभी कार्यक्रमों को केंद्र सरकार की 10 वर्ष की उपलब्धियों को राज्य सरकार की आठ वर्ष की उपलब्धियों से जोड़कर 'यूपी: भारत का ग्रोथ इंजन' की थीम को केंद्र में रखते हुए भव्यता के साथ आयोजित कराया जाए।

भवदीय

(signature) 19.3.25

( मनोज कुमार सिंह )
मुख्य सचिव

संख्या (1) 192/19-1-2025 दिनांक।-19 मार्च-2025

प्रतिलिपि निम्निलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तर प्रदेश।
2. समस्त मण्डल आयुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश।

कृपया निदेशक द्वारा समस्त पुलिस अधीक्षक/पुलिस कमिश्नर उ0प्र0 को अपने माध्यम से अवगत की कृपा करें। अधीक्षक 19/3/2025

आज्ञा से,

( संजय प्रसाद )
प्रमुख सचिव